असहाय व गरीब लोगों को मिल रहा

# आश्रय गृह का सहारा

अच्छी तरह से हो सकेगा जीवन का गुजारा

## निगम ने छह लोगों को रेस्क्यू कर भेजा आश्रय गृह

- जेएनएसी में 15, मानगो नगर निगम में 7 स्थानों पर जला अलाव

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**



मानगो नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से सोमवार को छह लोगों को रेस्क्यू करके आश्रय गृह भेजा गया. वहीं, जमशेदपुर अक्षेस की ओर से 15 और मानगो नगर निगम की ओर से सात स्थानों पर अलाव जलाया गया. **आश्रय गृह में लगाया गया रूम हीटर** : निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि आश्रय गृह में रहने वाले शहरी लोगों के लिए ठंड को देखते हुए रूम हीटर लगाया गया है. साथ ही अन्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार